दिवाली की रात्रि के बाद से महिला लापता

टोंक। नासिरदा थाना के गांव गोविंदपुरा ढाणी दलवासा निवासी एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी के लापता होने की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराकर बताया कि उसकी पत्नी को देवली थाना क्षेत्र के डाबरखुर्द निवासी एक युवक ने बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाने का आरोप लगाया है। पीड़ित पति का आरोप है कि महिला घर से करीब एक लाख रुपए नकद और सोने-चांदी के जेवरात भी अपने साथ ले गई।

पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस थाने में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार घटना 8 नवंबर की रात की है। उस दिन परिवार में दिवाली पर लक्ष्मी पूजन किया गया था, पूजा के बाद परिवार के सभी सदस्य खाना खाकर सो गए थे। रात करीब एक बजे तक सब कुछ सामान्य था, इसके बाद करीब दो बजे जब परिजनों की नींद खुली तो महिला घर पर नहीं मिली।

परिजनों ने पहले घर और आसपास के इलाके में उसकी तलाश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। इसके बाद पति ने पत्नी के लापता होने की रिपोर्ट नासिरदा थाने में दर्ज करवाई। पति ने बताया कि 7 नवंबर को उसने अपनी पत्नी को उक्त युवक से फोन पर बात करते हुए देखा था, इस पर उसने युवक को समझाया भी था।

'अलवर राजीव गांधी सामान्य अस्पताल में बनेगी आधुनिक आई विंग'

अलवर। राजीव गांधी सामान्य अस्पताल में मरीजों को आधुनिक नेत्र चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है। अस्पताल परिसर में आधुनिक आई विंग का निर्माण कराया जाएगा। मेटसो इंडिया प्राइवेट लिमिटेड कंपनी अपने कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी कार्यक्रम प्रोजेक्ट जीवन ज्योति के तहत इस परियोजना का निर्माण कराएगी। बुधवार को वन मंत्री संजय शर्मा और नगर निगम महापौर सुमनलता अग्रवाल ने विधिवत भूमि पूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया।

- **प्रोजेक्ट जीवन ज्योति के तहत होने वाला यह निर्माण अलवर की स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने और आमजन को बेहतर नेत्र चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकता है**



वन मंत्री संजय शर्मा और महापौर सुमनलता अग्रवाल ने अस्पताल में जीवन ज्योति के तहत बनने वाले आधुनिक विंग का भूमि पूजन किया।

नई आई विंग के निर्माण से अलवर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों सहित आसपास के इलाकों से आने वाले मरीजों को बेहतर नेत्र चिकित्सा सुविधाएं मिल सकेंगी। आंखों की जांच और उपचार के लिए मरीजों को जयपुर या अन्य बड़े शहरों में जाने की आवश्यकता कम होगी। उन्हें अलवर में ही आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। इस परियोजना का उद्देश्य जरूरतमंद और आमजन को सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। अस्पताल में नेत्र विभाग के विस्तार से आंखों से संबंधित विभिन्न बीमारियों की जांच और उपचार की सुविधाओं में वृद्धि होगी। इससे मरीजों को समय पर उपचार मिलने के साथ ही बेहतर चिकित्सा सेवाओं का लाभ मिल सकेगा।

दीपावली पर भी अंधेरे में डूबी कॉलोनी

फुलेरा। दीपावली जैसे रोशनी के पर्व पर भी फुलेरा की एक कॉलोनी अंधेरे में डूबी हुई है। पिछले आठ दिनों से गली की रोड लाइट खराब पड़ी है, लेकिन बार-बार शिकायत करने के बावजूद जिम्मेदारों की ओर से कोई समाधान नहीं

- **आठ दिन से खराब पड़ी रोड लाइट**

किया जा रहा है। स्थानीय वार्ड नं 20 श्याम नगर स्थित स्थानीय दुकानदार हैप्पी माथुर ने नाराजगी जताते हुए बताया कि रोड लाइट ठीक करवाने के लिए जब संबंधित कर्मचारियों से संपर्क किया जाता है तो कोई एक-दूसरे के पास भेज देता है। वहीं दूसरी ओर नगरपालिका के लाइट व्यवस्था ठेकेदार को कई बार फोन नहीं उठाया जाता।

कभी फोन उठ भी जाए तो सुबह लाइट ठीक करवाने का आश्वासन दिया जाता है, लेकिन अगले दिन फिर फोन का जवाब नहीं मिलता। साथ ही माथुर ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से फुलेरा में चोरी की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। ऐसे में गलियों में अंधेरा रहना सुरक्षा के लिहाज से गंभीर चिंता का विषय है। बार-बार प्रशासन को अवगत कराने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं होना जिम्मेदारों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है।

सार-समाचार

ऊंट पर सवार होकर पंचायत कार्यालय पहुंचे सरपंच रायका



दूदू। दूदू पंचायत समिति के अधीन नवसृजित ग्राम पंचायत मरवा के नवनिर्वाचित सरपंच ओमप्रकाश रायका ने अनूठे अंदाज में पदभार ग्रहण किया। वे ऊंट पर सवार होकर गाजे-बाजे के साथ पंचायत कार्यालय पहुंचे। इसके बाद विधिवत पूजा-अर्चना कर पंचायत कार्यालय में सरपंच पद का कार्यभार संभाला। सरपंच रायका की जीत क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। इसकी खास वजह यह है कि गांव में उनकी स्वजाति के महज चार परिवार हैं, जबकि अन्य मतदाता अलग-अलग जातियों से आते हैं। इसके बावजूद ग्रामीणों ने जातिगत समीकरणों से ऊपर उठकर उन पर भरोसा जताया और सरपंच पद की जिम्मेदारी सौंपी।

राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आज

फुलेरा। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम (-2027) के तहत विधानसभा क्षेत्र फुलेरा की ड्राफ्ट मतदाता सूचियों का प्रारूप प्रकाशन 12 नवंबर को किया जाएगा। इस संबंध में निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी एवं उपखंड अधिकारी की ओर से राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को पत्र जारी कर बैठक में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं। जारी पत्र के अनुसार 12 नवंबर 2026 को प्रातः 11 बजे निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी एवं उपखंड अधिकारी कार्यालय, सांभरलेक में बैठक आयोजित होगी।

भक्तों ने अन्नकूट की पंगत प्रसादी जीमी

नरैना(निसं)। कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा के अवसर पर कस्बे के विभिन्न मंदिरों में ठाकुरजी को बाजरा-मूंग-चावल, आंवले से निर्मित औषधीय गुणों से परिपूर्ण काली कढ़ी सहित अन्य व्यंजनों का भोग लगाकर भक्तों को पंगत प्रसादी ग्रहण करवाई गई। रघुनाथ जी मंदिर पुजारी रघुनंदन-कैलाशचंद-कृष्णकांत दाधीच ने बताया कि अन्नकूट के अवसर पर ठाकुरजी का मनोरम श्रंगार कर अन्नकूट भोग आरती के पश्चात उपस्थित सैंकड़ों भक्तों ने पंगत प्रसादी ग्रहण की। वहीं चारभुजा नाथ व लक्ष्मीनाथ मंदिर सहित अन्य मंदिरों में भी सैंकड़ों भक्तों ने पंगत प्रसादी ग्रहण की।

आचार्य वर्धमान सागर को श्रीफल भेंट

टोंक। आचार्य वर्धमान सागर महाराज के सीकर में चल रहे चातुर्मास के दौरान टोंक से पहुचे जैन समाज के श्रद्धालुओं ने एकजुट होकर आचार्य के दर्शन एवं मंगल आशीर्वाद प्राप्त कर आचार्य को शीतकालीन प्रवास हेतु श्रीफल भेंट कर टोंक पधारने का भावपूर्ण मंगल निवेदन किया गया है। जैन समाज के श्रद्धालुओं ने आचार्य के सानिध्य को समाज के लिए आध्यात्मिक ऊर्जा, धर्म प्रभावना एवं मंगल प्रेरणा का स्रोत बताते हुए शीतकालीन प्रवास की मंगल भावना व्यक्त की।

नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने दी बधाई

शाहपुरा। युवा कांग्रेस जयपुर ग्रामीण के महासचिव महेन्द्र गुर्जर के जन्मदिन के शुभ अवसर पर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं देने वालों का तांता लगा रहा। इस अवसर पर आरके ग्रुप के अध्यक्ष रोहिताश भड़ाना, शाहपुरा विधायक मनीष यादव, एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़ एवं जयपुर ग्रामीण सांसद प्रत्याशी अनिल चोपड़ा, एडवोकेट मुकेश कुमार सैनी, एडवोकेट विजय सैनी सहित अनेक जनप्रतिनिधियों, नेताओं, साथियों एवं कार्यकर्ताओं ने महेन्द्र गुर्जर को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस दौरान सभी ने उनके स्वस्थ, सुखद एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए जीवन में निरंतर सफलता प्राप्त करने की शुभकामनाएं दी।

धूमधाम से मनाया अन्नकूट महोत्सव

दूदू। सावरदा ग्राम स्थित जुगल महाराज मंदिर में मंगलवार को अन्नकूट महोत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आसपास के गांवों से हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने पंगत प्रसादी ग्रहण की। मंदिर के महंत पंडित शर्मा के सानिध्य में सुबह 4 बजे भगवान की आरती कर आकर्षक झांकी सजाई गई। इस दौरान कार्तिक मास में स्नान करने वाली महिलाओं ने भजन-कीर्तन कर मंदिर परिसर को भक्तिमय बना दिया। इसके पश्चात भगवान को 56 प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाया गया तथा महाआरती के बाद पंगत प्रसादी शुरू हुई।

नहरों को खोले जाने मांग

बौंली बामनवास। सवाईमाधोपुर एवं दौसा जिले के अनेकों गांवों की सैकड़ो एकड कृषि भूमि की फसलों को पानी उपलब्ध कराने वाले मोरेल डैम की नहरों को खोले जाने मांग को लेकर जल संसाधन विभाग एवं संबंधित अधिकारीयों को क्षेत्र के किसानों ने पत्रभेजा है। गांव विकास समिति की सदस्य एडवोकेट मंजू कुमारी मीणा बरनाला एवं किसान संघ के जिला अध्यक्ष कांजी मीणा ने बताया कि रबी की फसल बुवाई बाद अब सरसों की फसल को सिंचाई के लिए पानी की आवश्यकता है।

जरीना बानो का माला पहनाकर स्वागत

जमवारामगढ़। पंचायत समिति के वार्ड नंबर 03 से प्रत्याशी जरीना बानो पत्नी शकील शाह ताला को जनसंपर्क के दौरान लोगों का समर्थन मिल रहा है। विभिन्न स्थानों पर ग्रामीणों एवं महिलाओं ने माला पहनाकर उनका स्वागत किया। इस दौरान लोगों से मुलाकात कर जरीना बानो ने अपने विकास के एजेंडे और आगामी योजनाओं को साझा किया।

जरीना बानो ने कहा कि यदि उन्हें वार्ड की सेवा का अवसर मिलता है तो क्षेत्र के विकास कार्यों को गति देने के साथ सड़क, पानी और बिजली जैसी मूलभूत समस्याओं के समाधान के लिए प्रयास करेंगी। उन्होंने महिलाओं की सुरक्षा को प्राथमिकता बताते हुए प्रमुख मार्गों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने की पहल करने की बात कही। साथ ही युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने, जहां बिजली की व्यवस्था नहीं है वहां लाइट लगवाने और वार्ड में आवश्यक विकास कार्य करवाने का भरोसा दिलाया। इस दौरान उन्होंने कहा कि वार्ड का सर्वांगीण विकास, महिलाओं की सुरक्षा और युवाओं के लिए बेहतर अवसर उपलब्ध करवाना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल रहेगा। उन्होंने कहा है की वार्ड नंबर 03 में जरीना बानो का जनसंपर्क, जगह-जगह माला पहनाकर स्वागत किया।

टोरडा ब्राह्मणान गांव में आधी रात को भीषण आग

पावटा। ग्राम पंचायत टोरडा ब्राह्मणान के पटवार हल्का पांडाला में मंगलवार रात आगजनी की घटना से एक गरीब परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। अज्ञात कारणों से लगी भीषण आग ने विक्रम बुनकर पुत्र भागीराम बलाई के आवासीय मकान एवं पशुबाड़े को अपनी चपेट में ले लिया। आग इतनी तेजी से फैली कि परिवार को संभलने तक का मौका नहीं मिला और घर में रखा रोजमर्रा की जरूरत का अधिकांश सामान जलकर राख हो गया। घटना की सूचना मिलने पर सरपंच सहित ठाामीण मौके पर पहुंचे। ठाामीणों के अनुसार आग से पीड़ित परिवार का घरेलू सामान, खाने-पीने की सामठी, अनाज, बिस्तर और पशुओं के लिए रखा चारा पूरी तरह नष्ट हो गया। वहीं मकान के छप्पर में खड़ी एक मोटरसाइकिल और एक साइकिल भी आग की भेंट चढ़ गई। देखते ही देखते परिवार की वर्षों की जमा-पूंजी और जरूरत का सामान राख में तब्दील हो गया। आगजनी की घटना के बाद पीड़ित परिवार के सामने खाने-पीने और दैनिक जरूरतों का संकट खड़ा हो गया। ऐसे मुश्किल समय में गांव के लोगों ने मानवीय संवेदना दिखाते हुए आधी रात को ही आपसी सहयोग से पीड़ित परिवार के लिए भोजन, पानी और आवश्यक वस्तुओं की व्यवस्था की। ग्रामीणों के इस सहयोग से संकट की घड़ी में परिवार को राहत मिली। आगजनी में एक मोटरसाइकिल, एक साइकिल, करीब पांच जोड़ी बिस्तर, सात कट्टे अनाज, लगभग पांच मन पशुचारा सहित अन्य घरेलू सामान जलकर पूरी तरह नष्ट हो गया। घटना के बाद मौके पर पहुंचकर हल्का पटवारी महेश स्वामी द्वारा मौका रिपोर्ट तैयार की गई। इस दौरान सरपंच धर्मेंद्र डबास, ग्राम विकास अधिकारी कुंदन प्रजापत सहित बड़ी संख्या में ठाामीण मौजूद रहे। ठाामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को हुए नुकसान का उचित आकलन करवाकर शीघ्र आर्थिक सहायता एवं सरकारी राहत उपलब्ध करवाने की मांग की है, ताकि संकट से जूझ रहे परिवार को दोबारा अपना जीवन पटरी पर लाने में मदद मिल सके।

- **मकान और पशुबाड़े में लगी आग से मची अफरा-तफरी, मोटरसाइकिल, साइकिल, अनाज, बिस्तर और पशुचारा भी जला, ग्रामीणों ने आधी रात को पीड़ित परिवार की मदद की**

छात्रावास की दूसरी मंजिल का निर्माण कार्य शीघ्र

कोटपूतली। कस्बे के टापरी रोड स्थित मेघवाल महिला छात्रावास में मेघवाल विकास समिति कोटपूतली की मासिक बैठक समिति अध्यक्ष मदनलाल वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें छात्रावास के विकास और निर्माण से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा कर अहम निर्णय लिए गए।

बैठक के दौरान महिला छात्रावास की दूसरी मंजिल का निर्माण कार्य शुरू करवाने के लिए गठित निर्माण समिति ने ठेकेदार के साथ हुए इकरारनामे की शर्तों को पढ़कर सुनाया। सदन में मौजूद सभी पदाधिकारियों और सदस्यों ने सर्वसम्मति से इन शर्तों का अनुमोदन किया। इसके साथ ही निर्मित हो चुकी प्रथम मंजिल के रंग-रोगन और अन्य शेष बचे कार्यों को जल्द पूरा करवाने का निर्णय लिया गया। समिति ने निर्णय लिया कि छात्रावास की प्रथम मंजिल का लोकार्पण आगामी दिसंबर माह के तीसरे सप्ताह में भव्य रूप से करवाया जाएगा। इस दौरान डॉ. डी. आर. रैवाला ने छात्रावास के मुख्य द्वार पर चैनल गेट लगवाने के लिए समिति को 25 हजार रुपये का आर्थिक सहयोग प्रदान किया, । बैठक में जिलाध्यक्ष एड. सुबेसिंह मोरोडिया, आर.एस. झांझरिया, रतिराम जीलोवा, सत्यपाल सिंह जीलोवा व चिरंजीलाल आर्य सहित समाज के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

अलवर सेंट्रल जेल में दूध-छाछ लेने के दौरान दो गुट भिड़े

अलवर। अलवर सेंट्रल जेल में जेल कैंटीन पर दूध-छाछ लेने के दौरान बंदियों के दो गुटों में विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों के बंदियों ने एक-दूसरे पर दूध-छाछ की खाली कैरेट, कुर्सी और डंडों से हमला कर दिया। घटना में दोनों पक्षों के कई बंदियों के चोटिल होने की बात सामने आई है। मामले में खास बात यह है कि झगड़े के बाद दोनों पक्षों की ओर से अलग-अलग शिकायतें दी गईं, जिनके आधार पर कोतवाली थाने में क्रॉस मुकदमे दर्ज किए गए हैं।

पहली रिपोर्ट बंदी धर्मेंद्र सिंह की ओर से दी गई है। रिपोर्ट में बताया कि मंगलवार सुबह करीब 8 बजे वह नियमानुसार जेल कैंटीन पर दूध-छाछ लेने गया था। इसी दौरान बंदी पवन पुत्र रामनिवास, सतवीर पुत्र नत्थूराम, अमित पुत्र सुनील, अनिल पुत्र बनवारी और सुक्कन उर्फ शंकराराम ने पीछे से उस पर हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने दूध-छाछ की खाली कैरेट से मारपीट की। धर्मेंद्र के बचाव में बंदी सत्यप्रकाश, जयंत और चेतन पहुंचे तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की। बाद में जेल प्रशासन ने बीच-बचाव कर बंदियों को अलग कराया।

वहीं दूसरी रिपोर्ट बंदी पवन गुर्जर, अमित कुमार और अनिल की ओर से दी गई है। इसमें बताया कि मंगलवार सुबह करीब 9 से 10 बजे के बीच वे दूध-छाछ लेने के लिए कैंटीन की लाइन में लगे थे। इसी दौरान वहां विवाद हो गया। आरोप है कि बंदी धर्मा, पवन, सचिन, काली, राहुल, दीपक, प्रवीण, मुन्ना, जयंत, सत्यप्रकाश, बाबूलाल और गौरव सहित अन्य बंदियों ने कुर्सियों, कैरेट और डंडों से उन पर हमला कर दिया। रिपोर्ट के अनुसार, हमले में पवन के सिर और हाथ में, अमित के सिर और हाथ में तथा अनिल के हाथ में चोट आई। उन्होंने आरोप लगाया कि उन पर जान से मारने की नीयत से हमला किया गया।दोनों पक्षों की शिकायतें जेल प्रशासन के माध्यम से कोतवाली थाने पहुंचीं। पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट के आधार पर अलग-अलग मुकदमे दर्ज कर लिए हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

- **कई बंदियों के चोटिल होने की सूचना**
- **रिपोर्ट के अनुसार, हमले में पवन के सिर और हाथ में, अमित के सिर और हाथ में तथा अनिल के हाथ में चोट आई**

दौसा में भाजपा-कांग्रेस की बाड़ाबंदी में जुटी

दौसा। दीपोत्सव पूर्ण होने के साथ ही भाजपा एवं कांग्रेस ने जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्यों की बाडा बंदी शुरु कर दी है। इधर जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्यों के मतों की गणना 20 नवंबर को होगी तथा जिला प्रमुख एवं प्रधान के चुनाव 25 नवंबर को होगें। कांग्रेस से जिला प्रमुख पद के लिए दो एवं भाजपा से एक प्रत्याशी चुनावी मैदान मे है। कांठोस एवं भाजपा नेता भीतरघात लेकर चिंतित नजर आ रहे है। उल्लेखनीय है कि जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्यों के मतों की गणना 20 नवंबर को हागी। इधर पांच दिवसीय दीपोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाये जाने के साथ ही कांठोस एवं भाजपा ने सदस्यों की बाडाबंदी शुरु कर दी है। बताया जाता है कि भाजपा एवं कांठोस ने बागी एवं निर्दलीय प्रत्याशियों को भी बाडाबंदी में शामिल करने का निर्णय लिया है। इधर कांठोस के जिला परिषद सदस्यों की बाडाबंदी के लिए दौसा सांसद मुरारीलाल मीणा, दौसा विधायक दीनदयाल बैरवा एवं पूर्व केबिनेट मंत्री ममता भूपेश ने कमान संभाल रखी है। वही दूसरी ओर भाजपा ने बाडाबंदी के लिए वर्तमान विधायको के साथ-साथ संभावित जिला प्रमुख के दावेदारो को कमान सौंप रखी है।जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्यो के मतदान के बाद कांग्रेस जीत को लेकर काफी उत्साहित नजर आ रही है। वही दूसरी ओर भाजपा जोड़तोड़ की गणित में लगी हुई है। नगर परिषद चुनाव में मिली करारी हार के बाद भाजपा नेता फूंक-फूंककर कदम रख रही है तथा केबिनेट मंत्री डॉ. किरोडीलाल मीणा से लगातार सम्पर्क बनाये हुये है। बताया जाता है कि कांठोस 2002 से लगातार जिला प्रमुख पद पर काबिज है, भाजपा एक अदद जीत की तलाश में है। दौसा जिला गठन होने के बाद 1995-98 तक डॉ. किरोडीलाल मीणा भाजपा से पहले जिला प्रमुख निर्वाचित हुये थे। इसके बाद वर्ष 1998 से 2000 तक भाजपा के सतीश शर्मा, वर्ष 2000 से 2002 तक भाजपा के पूर्व विधायक जियालाल बंशीवाल जिला प्रमुख पद पर आसीन रहे। कांठोस का खाता विनोद कुमार शर्मा ने खोला इसके बाद वर्ष 2002 से 2005 तक कांग्रेस के महेन्द्र सांखला जिला प्रमुख रहे। वर्ष 2005 में कांग्रेस से कामेरी देवी, वर्ष 2010 में कांठोस के अजीतिसंह महवा, 2015 में कांग्रेस से गीता खटाना तथा वर्ष 2021 में कांग्रेस के हीरालाल सैनी निर्वाचित हुये है। पूर्व चिकित्सा मंत्री परसादीलाल मीणा ने वर्ष 2005 में हुये पंचायत राज चुनाव में लालसोट विधानसभा क्षेत्र को प्रतिनिधित्व दिये जाने की मांग उठाई थी, जिसके चलते लालसोट विधानसभा क्षेत्र की कामेरी देवी मीणा जिला प्रमुख निर्वाचित हुई थी।

- **कांग्रेस से जिला प्रमुख पद के लिए दो एवं भाजपा से एक प्रत्याशी चुनावी मैदान में है।**

ग्राम पंचायत भोनावास के नवनिर्वाचित सरपंच सुरेंद्र कुमार शर्मा ने पदभार संभाला

पावटा। पंचायत समिति पावटा की ग्राम पंचायत भोनावास के नवनिर्वाचित सरपंच सुरेंद्र शर्मा ने पंचोत्सव के अंतिम दिन भैया दूज के पावन अवसर पर सुबह सवा 9 बजे विधिवत रूप से सरपंच पद का कार्यभार ग्रहण किया।

इस अवसर पर ग्राम पंचायत परिसर में भव्य पदभार ग्रहण समारोह आयोजित हुआ, जिसमें ग्राम विकास अधिकारी भवरी देवी मीणा, कनिष्ठ एलडीसी राज कविता सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और नवनिर्वाचित सरपंच का स्वागत किया। समारोह में सरपंच सुरेन्द्र शर्मा, उप सरपंच युवराज सिंह व अन्य पंच व ग्रामवासी महेन्द्र योगी, दिनेश सैनी, कृष्णा यादव, सतपाल सिंह, सावरलाल मीणा, श्रीराम, मान सिंह, बनारसी देवी, कैलाश, प्रेम कंवर, सुमन मीणा, निर्मला कुमावत, राजपुत इकाई अध्यक्ष कंवर पाल सिंह शेखावत, हरवीर सिंह, हिम्मत सिंह, बलवीर फोजी, सुरेश यादव, सतवीर योगी, महेन्द्र शर्मा, कैलाश कुमावत, भवानी सिंह (ठेकेदार), श्योपाल सिंह, भीम सिर, जगन शर्मा (महाराज), सेडु राम चौधरी, सुरेन्द्र अकरणीया, बुधराम सैन, रामपाल सिंह, राजवीर सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



पावटा की ग्राम पंचायत भोनावास के नवनिर्वाचित सरपंच सुरेंद्र कुमार शर्मा ने पदभार संभाला।

पदभार ग्रहण करने के बाद नवनिर्वाचित सरपंच सुरेंद्र कुमार शर्मा ने ग्रामीणों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पंचायत की जनता ने उन पर जो विश्वास जताया है, उसके लिए वह सभी के आभारी हैं। उनका प्रयास रहेगा कि गांव में मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और विकास से जुडे कार्य करवाए जाएं। उन्होंने कहा कि ठाामीणों की अपेक्षाओं पर खरा उतरना और गांव का सर्वांगीण विकास करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने गांव के विकास की प्राथमिकताओं को लेकर कहा कि गांव की सड़कों और नालियों का निर्माण एवं मरम्मत, पेयजल व्यवस्था में सुधार, नियमित सफाई, स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था और जलभराव की समस्या का समाधान करवाने के प्रयास किए जाएंगे। इसके साथ ही सरकारी विद्यालयों में बेहतर शैक्षिणक सुविधाएं, आंगनबाड़ी केंद्रों का सुदृढ़ीकरण और स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने पर भी ध्यान दिया जाएगा। गांव में स्वच्छता अभियान को गति देने, सार्वजनिक स्थानों पर पौधारोपण, जल संरक्षण के लिए वर्षा जल संचयन, तालाबों एवं जल स्त्रोतों के संरक्षण और आवारा पशुओं की समस्या के समाधान के लिए भी योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने का प्रयास रहेगा। युवाओं के लिए खेल मैदान और खेल सुविधाओं का विकास, महिलाओं के लिए स्वरोजगार के अवसर तथा जरूरतमंद परिवारों को सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाना भी प्राथमिकताओं में शामिल रहेगा। सरपंच सुरेंद्र कुमार शर्मा ने कहा कि पंचायत का विकास किसी एक व्यक्ति के प्रयास से नहीं, बल्कि जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों और प्रशासन के सामूहिक सहयोग से संभव है। उनका प्रयास रहेगा कि पंचायत के प्रत्येक वार्ड और प्रत्येक परिवार तक विकास कार्यों का लाभ पहुंचे तथा गांव को स्वच्छ, सुंदर, शिक्षित और सुविधायुक्त बनाया जाए।

- **सरपंच शर्मा ने कहा कि पंचायत का विकास किसी एक व्यक्ति से नहीं, बल्कि जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों और प्रशासन के सामूहिक सहयोग से संभव है**

भैया दूज धूमधाम से मनाई

मनोहरपुर। भाई-बहन के अटूट प्रेम, स्नेह और विश्वास का पर्व भैया दूज क्षेत्र में बड़े ही हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। दीपावली के बाद आने वाले इस पर्व को लेकर सुबह से ही बहनों में खासा उत्साह देखने को मिला। बहनें सज-धजकर भाई के घर पहुंचीं और विधि-विधान से भैया दूज का त्योहार मनाया। भैया दूज पर बहन ने भाई को आसन पर बिठाया। थाली में रोली-अक्षत, मिठाई, फल और दीपक सजाकर भाई के माथे पर तिलक लगाया, आरती उतारी और भाई की लंबी उम्र, सुख-समृद्धि व उज्ज्वल भविष्य की कामना की। भाई ने भी बहन को आशीर्वाद दिया और नेग के रूप में मिठाई, फल व उपहार भेंट किए। इस दौरान घर का माहौल पूरी तरह खुशियों से भर गया। परिवार के सभी सदस्यों ने एक साथ बैठकर मिठाई खाई और एक-दूसरे को भैया दूज की शुभकामनाएं दीं। बहनों ने कहा कि भैया दूज सिर्फ तिलक का पर्व नहीं है, बल्कि भाई-बहन के रिश्ते को और मजबूत करने का पर्व है। क्षेत्र में कई जगह बहनों ने अपने भाइयों के घर जाकर तिलक किया, तो कई भाई अपनी बहनों के घर पहुंचकर उनसे तिलक करवाया। जो भाई-बहन दूर-दराज में रहते थे, उन्होंने मोबाइल पर वीडियो कॉल के जरिए भैया दूज मनाया एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं।

'अलवर नगर निगम की जनरल बॉडी की बैठक तुरंत बुलाई जाए'

अलवर। नगर निगम अलवर में महापौर का चुनाव हुए लगभग डेढ़ माह बीत चुके हैं, लेकिन अभी तक नगर निगम की जनरल बॉडी की बैठक नहीं बुलाई गई है। इस संबंध में कांठोस की महापौर प्रत्याशी श्रीमती कमलेश योगेश मिश्रा ने नगर निगम प्रशासन से मांग की है कि जनरल बॉडी की बैठक तत्काल बुलाई जाए, ताकि शहर के विकास से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर निर्वाचित पार्षदों की उपस्थिति में चर्चा हो सके और आवश्यक प्रस्ताव पारित किए जा सकें।

श्रीमती मिश्रा ने कहा कि नगर निगम में प्रतिदिन विभिन्न विकास कार्यों पर बजट खर्च किया जा रहा है, लेकिन यह गंभीर सवाल है कि इन कार्यों और खर्चों से संबंधित प्रस्ताव नगर निगम बोर्ड की जनरल बॉडी की बैठक में कब और किस प्रकार पारित किए जा रहे हैं। नगर निगम जनता के टैक्स से संचालित संस्था है, इसलिए प्रत्येक खर्च और विकास कार्य में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित होना आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि नगर निगम बोर्ड की जनरल बॉडी की बैठक नगर निगम की सबसे महत्वपूर्ण लोकतांत्रिक व्यवस्था है, जिसमें सब से पहले सभी 65 वार्डो के पार्षद साथियों का आपसी परिचय होने के साथ साथ शहर के विकास, सफाई व्यवस्था में प्रत्येक वार्ड में सफाई कर्मियों (कच्चे एवं पक्को की) कितनी संख्या है?, सड़क, नाली, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, अतिक्रमण और अन्य जनहित के मुद्दों पर चर्चा कर निर्णय लिए जाते हैं। बैठक नहीं होने के कारण अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर सामूहिक चर्चा और निर्णय की प्रक्रिया प्रभावित हो रही है, जिसका सीधा असर अलवर शहर के विकास पर पड़ रहा है।

मिश्रा ने मांग की कि नगर निगम बोर्ड की जनरल बॉडी की बैठक शीघ्र आयोजित कर अब तक किए गए कार्यों और खर्चों का पूरा विवरण सदन के समक्ष रखा जाए तथा आगामी विकास कार्यों के प्रस्ताव पारित किए जाएं, ताकि नगर निगम की कार्यप्रणाली पारदर्शी और जवाबदेह बन सके।

कमलेश योगेश मिश्रा ने कहा कि अलवर शहर का विकास किसी एक व्यक्ति या पद की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि सभी निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की सामूहिक जिम्मेदारी है। इसलिए नगर निगम बोर्ड की जनरल बॉडी की बैठक बुलाकर जनहित के मुद्दों पर चर्चा और विकास कार्यों को गति देना अत्यंत आवश्यक है।